कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 30.01.2025

विषयः- चोरी के मुकदमें में 02 नफर बाल अपचारी चोरी की भिन्न भिन्न कम्पनियों के 84 एण्ड्रायड व कीपैड फोन, 236 मो. कवर, 01 लैपटाप, 02 स्मार्ट वाच, 01 रम्मा, 01 नुकीली सरिया व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार (बरामद सम्पत्ति का कीमत लगभग 09 लाख रूपये)

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के क्रम में व श्रीमान् प्रभारी निरीक्षक महोदय के निर्देशन में दिनांक 30/01/2025 को थाना रामनगर की पुलिस टीम द्वारा पंचवटी तिराहा पर **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"/मौनी अमावस्या नहान** के दृष्टिगत् चेकिंग किया जा रहा था कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि दिनांक 12/01/2025 की भोर में रामनगर किले के सामने से मोबाइल की दुकान में मोबाइल चोरी करने वाले अभियुक्त (02 नफर किशोर अपचारी) हरिहरपुर की तरफ जाने वाले मोड़ के पास मौजूद है, जिन्हे थाना रामनगर पुलिस द्वारा हिरासत पुलिस में लिया गया तथा चोरी गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त समान को बरामद किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 12/01/2025 को वादी मुकदमा ने लिखित सूचना दिया कि रामनगर किले के सामने मेरी मोबाइल वर्ल्ड की दुकान है। मेरे दुकान से दिनांक 12/01/2025 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा दुकान में सेंध लगाकर दुकान में रखा मोबाइल फोन, लैपटाप, मोबाइल कवर आदि सामान चुरा लिये जिसके सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा दिये गये लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0014/2025 धारा 305/331 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ विवरण :-

हिरासत में लिये गये दोनों अपचारी किशोर ने बताया कि साहब हम दोनों दिनांक 12/01/2025 की रात्रि में हम दोनों द्वारा किला रोड रामनगर के पास स्थित मोबाइल दुकान में रात्रि के समय सेंध लगाकर दुकान में रखा मोबाइल फोन, लैपटाप, मोबाइल कवर आदि सामान चुरा लिये थे।

गिरफ्तार अपचारी का विवरण :-

1. 02 नफर अपचारी किशोर (उम्र क्रमशः- 16 वर्ष व 15 वर्ष)

बरामदगी का विवरण :-

1- 84 अदद मोबाइल फोन
2- 01 अदद लैपटाप
3- 236 अदद मोबाइल कवर
4- 02 स्मार्ट वाच
5- 01 अदद लोहे का रम्मा
6- 01 अदद नुकीला सरिया
7- घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल पल्सर NS 125 सीसी नम्बर UP 63 BD 9507

गिरफ्तारी / बरामदगी का दिनांक, समय व स्थान :-

दिनांक 30.01.2025 गिरफ्तारी का स्थान हरिहरपुर मोड़ के पास

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. प्र0नि0 श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 रविन्द्र कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 गंगा प्रसाद वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 राहुल कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 अश्वनी सिंह सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।
10. म0का0 आशा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी